Std. VI . Hindi Lang. मुहावरे

इन मुहावरों के अर्थ लिखकर वाक्य में प्रयोग करें।

1.टका - सा जवाब देना -- साफ़ इनकार करना -- दिए पैसे वापस माँगने पर पड़ोसी ने टका - सा जवाब दे दिया।

2.गाँठ बाँधना -- याद करना-- रमेश ने अपनी नानी की बात गाँठ बांँध ली ।

3..आस्तीन का साँप -- मित्र बनकर धोखा देना -- राहुल का दोस्त जिसपर उसे बहुत भरोसा था आस्तीन का साँप निकला ।

4.गुदड़ी का लाल -- तुच्छ स्थान में छिपी उत्तम वस्तु -- अपने वंश में प्रेमचंद सचमुच में गुदड़ी के लाल थे ।

5.भीष्म प्रतिज्ञा -- दृढ़ संकल्प -- अपने अपमान का बदला लेने की पांडवों ने भीष्म प्रतिज्ञा ली ।

6.भागीरथ प्रयत्न -- बहुत कोशिश -- बाढ़ में फँसे लोगों को बचाने के लिए ज़िलाधिकारी ने भागीरथ प्रयत्न किया ।

7.गुड़ गोबर होना -- बना बनाया काम बिगड़ जाना -- कार्यक्रम बहुत अच्छी तरह चल रहा था कि अचानक वर्षा होने से सब गुड़ गोबर हो गया।

8.चेहरे पर हवाइयाँ उड़ना -- घबरा जाना -- कमरे में साँप देखकर मेरे चेहरे पर हवाइयाँ उड़ने लगी।

9.लोहे के चने चबाना -- बहुत मुसीबतों का सामना करना -- हमारे देश के वीर सिपाहियों से लड़ना लोहे के चने चबाना है।

10.हवाई किले बनाना -- झूठी कल्पनाएँ करना -- सिर्फ़ हवाई किले बनाने से सफलता नहीं मिलती , सफलता पाने के लिए परिश्रम की ज़रूरत होती है ।

11.दाने - दाने को तरसना -- कुछ भी खाने को न मिलना-- लॉकडाउन में कुछ लोग दाने-दाने के लिए तरस गए थे।